# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-03/2019 2135 /पटना, दिनांक 03/12/2019

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) -सह- जिला पदाधिकारी,
सभी नोडल पदाधिकारी (स०स०) -सह- उप विकास आयुक्त,
सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) -सह- अनुमंडल पदाधिकारी,
सभी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)-सह- जिला सहकारिता पदाधिकारी,
सभी निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी ।

विषय: **महिला अभ्यर्थियों के नाम मत-पत्र में अंकित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि कई जिलों से यह जिज्ञासा की जा रही है कि मत-पत्र में महिला अभ्यर्थी का नाम कहाँ पर किस क्रम पर रहेगा। इस जिज्ञासा का आधार प्राधिकार के पत्रांक 1322 दिनांक 22.12.2014 द्वारा दिये गये निदेश को बनाया जा रहा है।

2. उक्त के संबंध में सूचित किया जाता है कि निर्वाचन पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका (01 जुलाई, 2019 तक संशोधित) के अध्याय-8 में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि अभ्यर्थियों का नाम वर्णानुक्रम में अंकित किया जाएगा, चाहे वे पुरूष हों या महिला। प्रपत्र- ई 6 में भी स्पष्ट अंकित है कि नाम वर्णानुक्रम में अंकित किये जायेंगे।

3. कोरम के संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1884 दिनांक 20.11.2019 द्वारा स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है।

4. अत: अनुरोध है कि कंडिका-2 तथा 3 के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। प्राधिकार के पत्रांक 1322 दिनांक 22.12.2014 को निरस्त किया जाता है।

विश्वासभाजन,
03.12.19
(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

BSEA dt..03.12.2019 Raghu